महत्वपूर्ण एवं खास

10 वीं बोर्ड की विज्ञान परीक्षा संपन्न : 18 हजार 776 में से 825 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

रायगढ़। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2023 कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 13 मार्च को विज्ञान विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें रायगढ़ एवं जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ को मिलाकर 18 हजार 776 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 17 हजार 951 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 825 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

ग्राम गेरवानी में 10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। दिनांक 12/03/2023 को थाना पूंजीपथरा पुलिस द्वारा ग्राम गेरवानी रिंकू ढाबा के सामने मुखबिर सूचना पर एक व्यक्ति को प्लास्टिक जरकिन में महुआ शराब बिक्री के लिये ग्राहक का इंतजार करते समय पकड़ा गया है। अवैध शराब बेचने वाले युवक ने अपना नाम दया सागर सिदार पिता साधूराम सिदार 21 साल निवासी लाखा, थाना कोतवाली रायगढ़ का होना बताया। आरोपी के पास रखे हुये प्लास्टिक जरकिन में 10 लीटर महुआ शराब कीमत 1,000 रूपये का जप्त कर आरोपी दयासागर सिदार के कृत्य पर धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेन्द्र एसैया के नेतृत्व में शराब रेड कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक विजय एक्का , आरक्षक उमाशंकर भगत और नरेन्द्र कुमार पैंकरा शामिल थे।

आईपीएस एवं डीएसपी के तबादले हुए

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन ने बड़े पैमाने पर पुलिस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों के नवीन पदस्थापना का आदेश भी जारी कर दिया है। गृह (पुलिस) विभाग के अवर सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव ने इसके लिए आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में एक अफसर भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी और 7 राज्य पुलिस सेवा के अफसर हैं। सभी अधिकारियों को एसीबी मुख्यालय, सिविल लाइन, उरला और विशेष शाखा में पोस्टिंग दी गई है।

खुद को एम्स का डॉक्टर बताकर नर्स को बनाया हवस का शिकार, आरोपी निकला अस्पताल का वॉर्डबॉय

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में शादी का झांसा देकर लम्बे वक़्त तक बलात्कार की घटना को अंजाम देने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया हैं। घटना अभनपुर थाना क्षेत्र की हैं जहां एक वार्डबॉय पर नर्स को झांसे में लेकर उसकी आबरू लूटने का आरोप हैं। करीब दो साल तक आरोपी नर्स को झांसे में रखकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता रहा। अब जाकर आरोपी वार्डबॉय के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया हैं। पुलिस ने पूरा मामले की जाँच शुरू कर दी है। पीड़िता एक प्राइवेट अस्पताल में नर्स का काम करती हैं। बताया जा रहा हैं की पीड़िता नर्स की आरोपी की पहचान एक मेट्रोमोनियल सॉइट शादी डॉट कॉम जरिये हुई थी। इसके बाद आरोपी ने उसे शादी का झांसा दिया। इस दौरान दो साल तक वह नर्स के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता रहा। हैरानी वाली बात यह हैं की वॉर्डबॉय ने खुद को नर्स के सामने एम्स के डॉक्टर के तौर पर पेश किया था। पुलिस पीड़िता के बयान के मुताबिक़ अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

शिविर के पहले दिन 143 किसानों ने केसीसी के लिए जमा किया आवेदन, केसीसी बनवाने बड़ी संख्या में पहुंचे किसान

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में आज जिले के सभी जनपद पंचायत में किसान क्रेडिट कार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों की भारी भीड़ रही और यहां सैकड़ों किसानों ने क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन जमा किया। जहां उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों ने आवेदकों से फार्म भरवाया। शिविर में कृषि, पशुपालन, हार्टीकल्चर, मत्स्य सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के प्रथम दिन आज जिले से कुल 143 किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन जमा किया है। जिसमें गौ पालन के 37, मत्स्य के 37, उद्यानिकी के 48 एवं कृषि के 21 आवेदन प्राप्त हुए। यह शिविर आगामी 31 मार्च तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को लगाए जायेंगे।

ज्ञात हो कि किसानों को कृषि कार्यों के लिए ऋण की आवश्यकता होती है। इसे देखते हुए राज्य शासन की ओर से किसान क्रेडिट कार्ड धारकों को सहकारी बैंक से सस्ता ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए केसीसी बनाने का काम जारी है। जिसके लिए शिविर लगाए जा रहे है, जिसके माध्यम से किसान अपना क्रेडिट कार्ड बनवा सकता है।

जनपद पंचायत रायगढ़ में आयोजित शिविर में आये सहसपुरी निवासी खेमराज यादव ने बताया कि जिला प्रशासन की यह अच्छी पहल है। जहां शिविर के माध्यम से केसीसी कार्ड बनाने हेतु आवेदन लिए जा रहे है। उन्होंने बताया कि केसीसी के माध्यम से यहां हम जैसे किसानों के लिए गाय एवं मछली पालन, सब्जी उत्पादन के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध हो जाता है। शिविर में पहुंची टारपाली निवासी भालकुनी राठिया ने बताया कि वह कृषि कार्य से ही अपना व परिवार का पालन-पोषण करती हैं। कभी-कभी पैसे के अभाव में फसल, बीज या खाद खरीदने में कठिनाई हो जाती है। शासन द्वारा अगर केसीसी ऋण योजना का लाभ मिलता है तो वे प्राप्त राशि से वह बीज या खाद खरीदेंगी। इसी तरह ग्राम सहसपुरी से किसान संजय चौहान पहुंचे हुए थे। उन्होंने बताया कि ग्राम के कोटवार के माध्यम से हमें यह जानकारी मिली कि यहां किसान क्रेडिट कार्ड के लिए शिविर लगाया जा रहा है। यहां आने से मुझे पता चला कि अलग-अलग कार्यों हेतु केसीसी जारी किया जा रहा है। जिसमें खेती से भी ज्यादा लाभ उद्यानिकी फसलों में मिल रहा है। जिसके लिए मैने आवेदन जमा किया। उन्होंने अपने क्षेत्र एवं आसपास के किसानों को भी शासन की इस योजना का लाभ उठाने हेतु आग्रह किया है।

जनपद सीईओ रूपेन्द्र पटेल ने बताया कि कलेक्टर सिन्हा के निर्देशन में आज से किसान क्रेडिट बनाने हेतु जिले के जनपद पंचायत कार्यालय में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आगामी 31 मार्च तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को लगाए जायेंगे। ताकि अधिक से अधिक किसान यहां उपस्थित होकर केसीसी बनवा सकते है। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना से किसान कम ब्याज दरों में कृषि व संबंधित कार्यों के लिए बैंको से ऋण ले सकते हैं। जिससे उन्हें अपने खेती-किसानी के कामों के लिए कार्यशील पूंजी मिल जाती है। केसीसी से किसानों को कृषि कार्यों के लिए ब्याजमुक्त अल्पकालीन ऋण मिलता है। पशुपालन, मछली पालन और उद्यानिकी कार्यों के लिए भी अल्पकालीन ऋण दिया है। पशु पालन हेतु 2.00 लाख तक का ऋण 1 प्रतिशत ब्याज दर पर एवं रूपये 2 लाख से अधिक एवं रूपये 3 लाख तक के ऋण 3 प्रतिशत ब्याज दर पर दिया जाता है। मत्स्य पालन व उद्यानिकी कार्यों हेतु 3 लाख तक दिये जाने वाला ऋण, अल्पकालीन कृषि ऋण के समान ब्याज मुक्त (0 प्रतिशत ब्याज दर) होता है।

शिविर में इन दस्तावेजों की होगी जरूरत- अपेक्स बैंक के नोडल अधिकारी ने बताया कि शिविर में केसीसी बनवाने के लिए फोटो, आधार कार्ड और बी-1 की कॉपी लगेगी। यदि हितग्राही किसी सहकारी समिति का सदस्य नहीं है तो 110 रुपए शुल्क देय होगा।

बिना बताए घर से निकले नाबालिग बालक व बालिका को साइबर सेल की मदद से पुलिस ने ढूंढा

रायगढ़। 12 मार्च को थाना लैलूंगा में थाना क्षेत्र के 16 वर्षीय बालक तथा 15 वर्षीय बालिका के अलग-अलग क्षेत्र से गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराने उनके परिजन थाने आये। नाबालिगों के लापता की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी लैलूंगा उपनिरीक्षक आर.एस. तिवारी द्वारा क्रमश: अप.क्र. 86, 87/धारा 363 आईपीसी का दर्ज कर तत्काल जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ को दिया गया।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा साइबर सेल के सुपरविजन अधिकारी एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा को लैलूंगा पुलिस के साथ साइबर सेल की टीम को जांच में शामिल कर जल्द से जल्द दोनों नाबालिगों की पतासाजी का निर्देश दिये। जिस पर एसडीओपी धरमजयगढ़ द्वारा थाना लैलूंगा और साइबर सेल की ज्वाइंट टीम बनाकर स्टाफ को दोनों नाबालिगों के दोस्तों, रिश्तेदारों से सिलसिलेवार तरीके से पूछताछ कर उनके संपर्क नंबरों को सर्विलांस में रखने का निर्देश दिये। परिजनों, दोस्तों से पूछताछ में जानकारी मिली कि दोनों 11 मार्च के दोपहर अपने-अपने घर से बिना बताए निकले थे। पुलिस की अलग-अलग टीमें नाबालिगों के रिश्तेदारों से पूछताछ किया जा रहा था। इसी बीच रायगढ़ में बालिका के उसके रिश्तेदार के पास आने की जानकारी मिलने पर साइबर सेल स्टाफ पहुंचे। बालिका को महिला पुलिस अधिकारी अपने विश्वास में लेकर पूछताछ करने पर बालिका बताई कि पारिवारिक तनाव में आकर अपने परिचित लड़के (गुम बालक) के साथ घर में भी बिना बताए अपने बुआ के यहां रायगढ़ आयी थी। दोनों गुम नाबालिगों के काउंसलिंग बाद उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। परिजन उनके लापता के बाद से काफी चिंतित थे जो अपने संतान को घर में पाकर सुकून की सांस लिये और लैलूंगा पुलिस को धन्यवाद दिये।

स्वराज मजदा वाहन में लोड 3.415 टन लोहे के पाइप के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

❑ कबाड़ के अवैध परिवहन पर भूपदेवपुर पुलिस की कार्यवाही

रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर थाना प्रभारी भूपदेवपुर उपनिरीक्षक जी.पी. बंजारे द्वारा अपने पदस्थापना के बाद से लगातार कबाड़ के अवैध परिवहन पर कार्यवाही किया जा रहा है।

इसी कड़ी में कल शाम थाना प्रभारी भूपदेवपुर व स्टाफ द्वारा मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम चारभांठा तालाब के पास कबाड़ परिवहन कर रही स्वराज माजदा क्रमांक सीजी 11 बीएफ 3576 को पकड़ा गया। वाहन के अंदर लोहे के पुराने पाइप रखे हुए थे। पुलिस स्टाफ द्वारा वाहन चालक तथा उसके साथ मौजूद व्यक्ति से लोहे के पाइप के परिवहन संबंध में खरीदी बिक्री के कागजात की मांग करने पर। वाहन चालक नवाब अहमद 30 रूपये किलो के भाव से पाईप को खरीदकर लाना बताया पर कोई कागजात, बिल पेश नहीं कर दोनों कोई समाधान कारक जवाब नहीं दिए जिससे वाहन में रखी हुई लोहे की पाइप चोरी की संपत्ति होने के पूर्ण संदेह पर वाहन चालक नवाब अहमद और उसके साथी मोहम्मद नवाब पर धारा 41(1+4)CrPC/379 IPC के तहत कार्यवाही करते आरोपियों से स्वराज मजदा मय 3.415 टन लोहे का पाईप कीमत रु.102450 जब्त कर आरोपी (1) नवाब अहमद पिता अनीस अहमद उम्र 34 साल निवासी कमरिया थाना मौदहा जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश हाल मुकाम सीजी मोटर ड्राइविंग स्कूल गांधीनगर काशीराम चौक रायगढ़ (2) मोहम्मद नवाब पिता मोहम्मद यासिफ उम्र 30 साल निवासी कमरिया थाना मौदहा जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश वर्तमान निवास प्रेम नगर पिंटू पटेल के किराया मकान थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़ आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जब्त संपत्ति के मालिक के संबंध का पता तलाश किया जा रहा है। अवैध कबाड़ पर की गई कार्यवाही में थाना प्रभारी भूपदेवपुर उपनिरीक्षक जी.पी बंजारे, सहायक उपनिरीक्षक देव प्रसाद चौहान, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र ठाकुर, आरक्षक मुरली मनोहर पटेल, कृष्ण कुमार वारेन, मिनकेतन पटेल की प्रमुख भूमिका रही है।

कलेक्टर सिन्हा ने जनचौपाल में सुनी जनसामान्य की समस्याएं, अधिकारियों को दिए आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टर कक्ष में आयोजित जन चौपाल में जनसामान्य से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जनसामान्य की समस्याओं, मांग एवं शिकायतों के प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। आज आयोजित जन चौपाल में कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए थे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय एवं संयुक्त कलेक्टर डी.आर. रात्रे भी उपस्थित रहे।

आयोजित जनचौपाल में विकासखंड पुसौर ग्राम कोतासुरा निवासी दीनबंधू दास वैष्णव, जगन्नाथ मंदिर के नाम से दर्ज भूमि का भू-अर्जन मुआवजा स्वयं के नाम से प्रदान करने आवेदन लेकर पहुंचे थे। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि भूमि का मुआवजा राशि आ चुका है, मंदिर निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार करें, ताकि समिति के सदस्यों के संयुक्त खाते में राशि स्थानांतरित किया जा सके। इसी प्रकार ग्राम देवलसुर्रा निवासी रामाधीन सिदार भू-अर्जन मुआवजा प्रदान करने की मांग संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि उन्हे भू-अर्जन मुआवजा राशि आज पर्यन्त प्रदान नही किया गया है, जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने एसडीएम रायगढ़ को तीन दिनों के भीतर आवेदन के निराकरण करने के निर्देश दिए। गेरूवानी निवासी शुभनाथ, सुखसाय एवं रघुनाथ वन अधिकार पत्र प्रदान करने आवेदन लेकर आए थे, उन्होंने बताया कि उनके पास कोई भूमि नही है, कब्जा भूमि के माध्यम से जीवन यापन कर रहे है। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से वनअधिकार पत्र प्रदाय करने हेतु निवेदन किया, जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने आयुक्त आदिवासी विभाग को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए। तमनार के महंत समाज द्वारा छोटे झाड़ जंगल भूमि को शमशान के नाम पर रिकार्ड में दर्ज कराने जनचौपाल में आवेदन दिए, उन्होंने बताया कि समाज द्वारा उक्त भूमि को वर्षो से शमशान के रूप में उपयोग किया जा रहा है, उन्होंने निवेदन किया गया कि उक्त भूमि को शमशान के नाम पर दर्ज किया जाए, जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने घरघोड़ा एसडीएम को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तहसील खरसिया ग्राम भागोडीह निवासी सुमित्रा बाई साहू पीएम आवास योजना का लाभ प्रदान करने आवेदन लेकर पहुंची थी, उन्होंने बताया कि वह गरीबी रेखा के अन्तर्गत जीवन यापन करती है तथा उनका मकान जर्जर हो चुका है। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने जनपद सीईओ को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत पुसल्दा के ग्रामवासियों ने गांव में नल-जल योजना विस्तार के लिए आवेदन लेकर पहुंचे थे, ग्रामीणों का कहना था कि उन्हें योजना का लाभ नही मिलने से पेयजल के लिए समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने ईई पीएचई को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार कयाघाट निवासी दिवाकर जांगडे प्रसुति पश्चात दिए जाने वाले सहायता राशि प्रदाय हेतु आवेदन लेकर आए थे, कलेक्टर सिन्हा ने श्रम अधिकारी को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 34, सराईभद्दर निवासी नगेन्द्र प्रसाद अपनी बेटी पूजा प्रसाद के निराश्रित पेंशन प्रदान करने के संबध में आवेदन लेकर पहुचे थे, उन्होंने बताया कि उनकी बेटी जन्म से गूंगी एवं मानसिक रूप से दिव्यांग है, उन्होंने अपनी बेटी के निराश्रित पेंशन के लिए निवेदन किया। कलेक्टर सिन्हा ने उक्त आवेदन पर उप संचालक समाज कल्याण को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आज आयोजित जन चौपाल में राजस्व, चिकित्सा, पेयजल, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा, पेंशन, राशन आदि के आवेदन भी आए हुए थे, जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने संबंधित विभागों को प्राप्त आवेदनों की जांच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

स्पेशल एजुकेटर के लिए दस्तावेज परीक्षण 17 मार्च को

रायगढ़। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्पेशल एजूकेटर हेतु पूर्व में दस्तावेज परीक्षण में उपस्थित अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने के बाद रिक्त पदों की पूर्ति के लिए 17 मार्च 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे से परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ में दस्तावेज परीक्षण के लिए उपस्थित हो सकते है। आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज के मूल प्रमाण-पत्र एवं एक सेट सत्यापित फोटो कापी के साथ उपस्थित हो सकते है। दस्तावेज परीक्षण के लिए उपस्थित अभ्यर्थी के दस्तावेज परीक्षण में सही पाए जाने पर नियुक्ति आदेश जारी किया जाएगा। दस्तावेज परीक्षण में उपस्थित नहीं होने पर यह मान लिया जाएगा कि संबंधित नियुक्ति के लिए इच्छुक नहीं है। अनुपस्थित अभ्यर्थी के स्थान पर मेरिट सूची के क्रम में अन्य अभ्यर्थी को दस्तावेज परीक्षण हेतु उपस्थित होने संबंधी सूचना अलग से दी जाएगी।

जिन अभ्यर्थियों को दस्तावेज परीक्षण के लिए बुलाया गया है इनमें अनारक्षित मुक्त अंतर्गत ब्रजेश कुमार, रामकली, अरूण कुमार बघेल, रितु साहू, हेमकुमारी पटेल, तेजेश्वर प्रसाद साहू एवं भावना पाण्डेय तथा अनुसूचित जनजाति मुक्त/महिला अंतर्गत आशीष भगत एवं अंजूलता शामिल है। जिस अभ्यर्थी को दस्तावेज परीक्षण के लिए नहीं बुलाया गया है, उक्त अभ्यर्थी यहां उपस्थित न होवें। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालयीन दिवस एवं समय पर कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा, रायगढ़ कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

हाऊसिंग बोर्ड आयुक्त राठौर पहुंचे रायगढ़ प्रवास पर, मंडल के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की ली जानकारी

रायगढ़। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के आयुक्त एस.एन.राठौर (आई.ए.एस.) आज रायगढ़ प्रवास पर आए थे। उन्होंने मण्डल के अन्तर्गत चल रहे गतिविधियों का जायजा लिया। आयुक्त राठौर ने पुसौर में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन, हमर लैब एवं शवगृह का निरीक्षण किया एवं स्थानीय डॉक्टरों के साथ निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जानकारी ली। जिसमें मण्डल के कार्यो पर संतोष व्यक्त किया।

आयुक्त राठौर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर में कैम्पस का सर्वे कराकर विकसित कैम्पस तैयार करने तथा अन्य सुविधाओं हेतु आवश्यक प्राक्कलन तैयार कर जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य संचालनालय प्रेषित करने निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने पुराने जर्जर कार्यालय एवं स्टॉफ क्वॉटर का सर्वे कर पुनर्विकास योजना अंतर्गत कार्यवाही करने निर्देशित किया। मण्डल द्वारा राजीव आवास योजना हेतु गढ़उमरिया में के.आई.टी कॉलेज के बगल स्थित चयनित भूमि का निरीक्षण कर योजना हेतु शीघ्र कार्यवाही कर लोगों को आवास उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुनर्विकास योजना लागू करने हेतु किसान राईस मिल की भूमि का भी अवलोकन किया एवं रायगढ़ शहर में स्थित अन्य पुराने जर्जर आवास/कार्यालय का चयन कर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा लोगों को सर्व सुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराया जाता रहा है। वर्तमान में तमनार क्षेत्र में गोढ़ी में एल.आई.जी. एवं ई.डब्ल्यू.एस भवनों का पंजीयन किया जा रहा है। साथ ही आगामी कार्य योजना में धरमजयगढ़, पुसौर एवं खरसिया में भी आवासीय योजना अंतर्गत लोगों को आवास उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। साथ ही नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में भी मण्डल द्वारा कार्य योजना तैयार किया जा रहा है। मण्डल आयुक्त के साथ-साथ विभागीय अपर आयुक्त एम.डी. पनारिया, उपायुक्त एस.के. भगत एवं कार्यपालन अभियंता एस.के.शर्मा के साथ अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

नेतनागर में 1.60 किमी नहर का काम पूरा होने से 860 हे. जमीन होगी सिंचित

❑ प्रोजेक्ट के मुख्य नहर और शाखा नहर का काम पूर्ण, अब वितरक और लघु नहरों को किया जा रहा पूरा

❑ प्रोजेक्ट पूर्ण होने से सिंचाई के साथ पेयजल और भू-जल रिचार्ज करने में मिलेगी मदद

रायगढ़। रायगढ़ जिले की महत्वकांक्षी केलो परियोजना में नहरों के निर्माण का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। जिससे हजारों किसानों को सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जा सके। मुख्य नहर और शाखा नहर का काम पूरा किया जा चुका है। वितरक और लघु नहरों के शेष बचे काम को भी पूरा किया जा रहा है। दिसंबर 2023 तक नहरों का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

पुसौर विकासखंड के ग्राम नेतनागर में भी नहर का काम किया जाना है। यहां लगभग 1.6 किमी का काम होगा। जिसके पश्चात 860 हेक्टेयर भूमि के लिए सिंचाई की सुविधा मिलेगी। केलो परियोजना में नहरों का काम पूरा होने पर हजारों किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। सिंचाई का रकबा तो बढ़ेगा ही। भू-जल के रिचार्ज का एक बड़ा फायदा नहरों के बनने से मिलेगा। जो आने वाले समय में भी पेयजल की आपूर्ति और स्थानीय जल स्त्रोतों में वाटर लेवल को बनाए रखने के लिहाज से अत्यंत लाभकारी होगा। इससे क्षेत्र में फसल की उत्पादकता बढ़ेगी।

गौरतलब है कि केलो वृहत परियोजना की शुरुआत 2009 में हुई थी। इसकी लागत 891 करोड़ रुपए है। इसमें केलो डैम के निर्माण के साथ ही मुख्य नहरए शाखा और वितरक नहरों का निर्माण शामिल है। केलो डैम की क्षमता 61.95 मिलियन क्यूबिक मीटर है। इस परियोजना के पूरे होने से 175 गांवों के 22 हजार 810 हेक्टेयर को सिंचाई सुविधा मिलेगी। जिसमें रायगढ़ जिले के 167 गांवों की 21 हजार 596 हेक्टेयर और सक्ती जिले के 8 गांवों की 1 हजार 214 हेक्टेयर जमीन शामिल है। इसके निर्माण की उच्च स्तर से नियमित समीक्षा की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480